तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 बच्चों को बेहतर शिक्षा देना पहली प्राथमिकता




## खबर संक्षेप

### प्रभारी सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले आज जिले में

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले 4 जुलाई को बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान 4 जुलाई को दोपहर 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी लेंगी।

### मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान 7 अक्टूबर तक

**अम्बिकापुर।** राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरगुजा केएल चरयाणी के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लीनम बनसोड़े ने बताया कि उक्त अभियान के तहत विवाह संबंधी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, चैक बाउंस संबंधी प्रकरण, सेवा संबंधी प्रकरण, राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, ऋण वसूली प्रकरण, उपभोक्ता फोरम संबंधी प्रकरण, भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद तथा व्यवहार वाद में मध्यस्थता कार्यवाही के माध्यम से त्वरित निपटारा किया जा सकता है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 8 तक आवेदन

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कक्षावार रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 30 जून तक आमंत्रित किए गए थे तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 4 जुलाई को निर्धारित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया गया है। अब आवेदन की अंतिम तिथि 8 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे तक एवं प्रवेश परीक्षा 10 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा केंद्र संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रिखी उदयपुर (वर्तमान में संचालित-कन्या शिक्षा परिसर कैंपस अम्बिकापुर) होगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी सभी एकलव्य विद्यालयों अथवा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अंबिकापुर से कार्यालयीन दिवस एवं समय पर आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करना होगा।

### सरगुजा में 14,791 क्विंटल उर्वरक का भंडारण

**अम्बिकापुर।** जिले में खरीफ मौसम की खेती के लिए किसानों को आवश्यक खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा उर्वरकों का भंडारण एवं वितरण लगातार किया जा रहा है। किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी और पोटाश जैसे प्रमुख उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में कुल 14,791 क्विंटल उर्वरक का भंडारण किया गया है। इसमें से 12,893 क्विंटल उर्वरक किसानों को वितरित किया जा चुका है। इस प्रकार 1,898 क्विंटल खाद शेष भंडारण में उपलब्ध है, जिसे किसानों की आवश्यकता अनुसार वितरित किया जा रहा है। जिले में यूरिया- 7,862 क्विंटल भंडारण, 6,884 क्विंटल वितरण, 978 क्विंटल शेष, डी.ए.पी.-1,276 क्विंटल भंडारण, 1,092 क्विंटल वितरण, 184 क्विंटल शेष, एन.पी.के.- 4,066 क्विंटल भंडारण, 3,815 क्विंटल वितरण, 251 क्विंटल शेष, एसएसपी- 811 क्विंटल भंडारण, 537 क्विंटल वितरण, 274 क्विंटल शेष, पोटाश- 776 क्विंटल भंडारण, 565 क्विंटल वितरण, 211 क्विंटल शेष है।

## स्वास्थ्य विभाग ने एकत्रित किया रक्त का नमूना

# ग्लैण्डर्स से संक्रमित घोड़ों के संपर्क में आए 5 लोगों के लिए गए ब्लड सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में मौजूद दो घोड़ों में ग्लैण्डर्स की पुष्टि होने के बाद गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संक्रमित घोड़ों के संपर्क में आए व्यक्तियों का सैंपल लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने 5 पशु पालकों के सैंपल लेकर उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग के सपुर्द कर दिया है। अब इस सैंपल को जांच के लिए हिसार भेजा जाएगा। इधर एक अच्छी खबर यह है कि पशु पालकों के दो अन्य घोड़ों को ग्लैण्डर्स रिपोर्ट निगेटिव आई है जिससे विभाग ने राहत की सांस ली है।

**खास बात**

- रायपुर से भेजा जाएगा जांच के लिए हिसार
- पूर्व में जहर देकर मारे गए थे दो घोड़े

बता दें कि सरगुजा में पहली बार घोड़ो में ग्लैण्डर्स बीमारी की पुष्टि हुई थी। शहर के बनारस रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित घोड़ा मालिक कमल धीवर के एक नर और एक मादा घोड़े में ग्लैण्डर्स की पुष्टि हुई थी जिसके बाद शासन-प्रशासन में हडकंप मच गया था। इस मामले में इस खतरनाक और संक्रामक बीमारी की जानकारी मिलने के बाद दोनों घोड़ों को जहर देकर मारने के निर्देश कलेक्टर सरगुजा ने दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग द्वारा 27 जून को ही दोनों घोड़ों को जहर का इंजेक्शन देकर मारा गया था। इसके साथ संक्रमित घोड़ों के सम्पर्क में आए लोगों के सैंपल भी लेने के निर्देश दिए गए थे। गुरुवार को उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग व सीएमएचओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और पशु चिकित्सा विभाग की टीम अश्व पालकों के पास पहुंची थी। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने प्रोटोकोल का पालन करते हुए ग्ल्व्स और मास्क लगाकर 5 पशु पालकों के सैंपल लिए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा की टीम ने बनारस रोड इंडस्ट्रियल एरिया निवासी 22 वर्षीय उमेश धीवर आ. जोशिक राम, 24 वर्षीय कमलेश धीवर आ. जोशिक राम, 18 वर्षीय हिमांशु सिंह आ. कार्तिक राम, 55 वर्षीय लखन साहू आ. पकलु साहू, 28 वर्षीय कमल धीवर आ. जोशिक राम का ब्लड सैंपल एकत्रित किया।चूंकि यह एक संक्रामक और खतरनाक बीमारी है। यह बर्कहोल्डरिया मैलेई नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। ग्लैण्डर्स मनुष्यों में भी फ़ैल सकती है। इस बीमारी के बैक्टीरिया सेल में प्रवेश कर जाते है और इलाज से ये पूरी तरह नहीं मरते है। यही वजह है कि संक्रमित घोड़ों के सम्पर्क में आए लोगों के सैंपल लिए गए है।





पशुपालकों के सैम्पल लेते स्वास्थ्यकर्मी।

### हिसार भेजा जाएगा ब्लड सैंपल

गुरुवार को 5 लोगों के सैंपल लेने के बाद उन्हें सीएमएचओ सरगुजा के निर्देश पर कोल्ड चेन बोक्स में संग्रहित कर उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा इन सैंपल को ग्लैण्डर्स की जांच के लिए राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र हिसार भेजा जाएगा। इसके लिए सबसे पहले इस सैंपल को रायपुर भेजा जाएगा और रायपुर से सैंपल हिसार जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति पर निर्णय लिया जाएगा।

### घोड़ों की रिपोर्ट आई निगेटिव

पशु मालिक कमल धीवर के दो घोड़ों में ग्लैण्डर्स की पुष्टि होने के बाद उन्हें जहर देकर मारा गया था। ग्लैण्डर्स एक खतरनाक और संक्रामक बीमारी है। यह संक्रमित जानवरों एक सीधे सम्पर्क में आने, संक्रामक जानवरों के नाक से निकले स्त्राव, मवाद के सम्पर्क में आने से फैलता है। इसका उपचार एंटीबायोटिक दवाओं से किया जा सकता है लेकिन समय पर उपचार नहीं होने से यह बीमारी घातक हो जाती है। यही वजह है कि पशु मालिक के दो अन्य घोड़ों के सैंपल लेकर जांच के लिए हिसार भेजा गया था और अब बताया जा रहा है कि उन दोनों घोड़ों की रिपोर्ट निगेटिव आई है जिसके बाद विभाग ने राहत की सांस ली है।

### लिए गए है सैंपल

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 लोगों के सैंपल लिए गए है। सभी सैंपल को जांच के लिए रायपुर से हिसार भेजा जाएगा। इसके साथ ही पूर्व में संपर्क में आए दो अन्य घोड़ों की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

-डॉ. आरपी शुक्ला
उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग

### किया गया विभाग के सुपुर्द

संक्रमित घोड़ों के संपर्क में आए पांच लोगों एक सैंपल स्वास्थ्य विभाग ने एकत्रित किया है। सभी सैंपल को उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। विभाग द्वारा ही इसकी जांच कराई जाएगी।

-डॉ. पीएस मार्को
सीएमएचओ सरगुजा



कक्षा में डांस करते प्रधानपाठक।

# शराब के नशे में धुत प्रधान पाठक ने बच्चों के साथ किया डांस, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

एक तरफ शासन प्रशासन बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए शाला प्रवेश उत्सव आयोजित कर रही है और बच्चों को तिलक लगाकर उन्हें शाला प्रवेश कराया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ एक स्कूल ऐसा भी है जहां शिक्षक अपनी मर्यादा को भूलकर शराब के नशे में स्कूल के अंदर डांस कर रहे है। बच्चों के साथ प्रधान पाठक का शराब के नशे में धुत होकर डांस करने का वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्रीय विधायक ने नाराजगी जाहिर की है वो वहीं दूसरी ओर डीईओ ने शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

- जांच के बाद विभाग ने किया निलंबित, बच्चों ने भी लगाए आरोप

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर अंतर्गत पशुपतिपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का इन दिनों सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कक्षा के अंदर मोबाइल फोन पर गाना बज रहा है और बच्चों के साथ स्कूल के प्रधान पाठक लक्ष्मीनारायण सिंह शराब के नशे में धुत होकर डांस करते हुए नजर आ रहे है। इस वीडियो के सामने आने के बाद विभाग की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। शिक्षक ही अपनी मर्यादा को लांघ कर स्कूल में नशे में पहुंच रहे है और बच्चों के साथ डांस कर रहे है। इस घटना से स्थानीय लोगों में भी खासी नाराजगी है। इधर इस मामले में स्कूल के बच्चों का कहना है कि शिक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह अक्सर शराब के नशे में ही स्कूल आते है और बिना मतलब आक्रोशित होकर बच्चों के साथ मारपीट करते है। कई बार उन्होंने बच्चों को बुरी तरह से मारा जिससे बच्चे भी डरे रहते है। इधर वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे और जांच रिपोर्ट पेश होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से प्रधान पाठक लक्ष्मी नारायण सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय बलरामपुर बीईओ कार्यालय निहित किया गया है।

### विधायक ने जताई नाराजगी

शिक्षक का इस तरह शराब पीकर स्कूल आना और बच्चों के साथ शराब के नशे में धुत होकर डांस करने का वीडियो वायरल होने के मामले पर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ऐसा कृत्य कर रहे है तो यह गलत है। उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### किया गया है निलंबित

मामले की जानकारी मिलने के बाद तत्काल जांच के निर्देश दिए गये थे। जांच के बाद प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

-डीएन मिश्रा, डीईओ बलरामपुर



# सर्पदंश से दो वर्षीय भालू शावक की मौत वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

सांप के काटने से दो वर्षीय शावक भालू की मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर वन अमले की टीम ने शव का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात अंतिम संस्कार किया।

उदयपुर वन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोटमी बीट के कक्ष क्रमांक पी 2022 में दो साल के शावक भालू की मौत बीती रात सांप काटने से हो गई। आज सुबह शावक भालू के शव को देख ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पर वन विभाग द्वारा मृत भालू के शावक को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया तो आश्चर्य जनक जानकारी मिली। रिपोर्ट से पता चला कि भालू के शावक की मौत सांप के काटने से हुई है। यह अपने आप में वन विभाग के लिए अनोखा मामला है। भालू हमेशा घने जंगलों में सभी मौसम में रहता है लेकिन इस प्रकार की घटना कभी देखने को नहीं मिली थी परंतु सांप के काटने का उदयपुर ब्लाक में पहला मामला है। अब जंगल में रहने वाले जंगली जानवरों को आदमी से खतरा रहता था लेकिन अब सांप भी जानवरों के लिए खतरा बन गए हैं।

### किया गया अंतिम संस्कार

वन विभाग के एसडीओ बृजेन्द्र सिंह, रेंजर कमलेश राय सहित अन्य विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति में शावक भालू का नर्सरी में अंतिम संस्कार किया गया। अवसर पर सरिता भगत वन पाल, विनोद सिंह, विश्णु सिंह, अमरनाथ राजवाड़े, समपर्ण लकड़ा, शाहीस कपुर अन्य उपस्थित रहे।

# पर्यटन मंडल अध्यक्ष पहुंचे मैनपाट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा दो दिवसीय प्रवास पर अंबिकापुर पहुंचे, जहां उन्होंने मैनपाट के विभिन्न पर्यटन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रीय विकास और पर्यटकों की सुविधा को लेकर अधिकारियों के साथ गहन संवाद भी हुआ। प्रवास के पहले दिन श्री शर्मा ने शैला रिसॉर्ट और कर्मा रिसॉर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों रिसॉर्ट्स में पर्यटक सुविधाओं के त्वरित उन्नयन हेतु उन्नयन कार्य शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक ,महाप्रबंधक एवं अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

- पर्यटकीय विकास को नई दिशा देने पर दिया जोर




प्रवास के दूसरे दिन उन्होंने मैनपाट के प्राकृतिक स्थलों जलजली, मछली पॉइंट, उल्टापानी, टाइगर पॉइंट, बायोडायवर्सिटी नेचर पार्क आदि का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। टाइगर पॉइंट पर जलप्रपात क्षेत्र का विशेष निरीक्षण करते हुए पर्यटक सुविधाएं बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि *बरसात में मैनपाट की वादियाँ अपनी प्राकृतिक भव्यता के चरम पर हैं, और यहां के सौंदर्य को संरक्षित रखते हुए टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परपटिया ग्राम वन समिति की महिलाओं से भेंट कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके लाभ की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय सहभागिता को पर्यटन विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया।

### बुजुर्ग दंपती की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर थानांतर्गत बरहोरी गांव में दबंगों की दबंगाई के इस कदर हावी है कि एक बुजुर्ग दंपती को अपनी निजी जमीन पर काश्तकारी नहीं कर पा रही है। इस पर बुजुर्ग दंपति ने पुलिस थाना जनकपुर में शिकायत पत्र देकर बताया कि हम बुजर्ग दम्पति को कमजोर व असहाय समझकर हमारी निजी पट्टा व कब्जा दखल की भूमि को हड़पने की नीयत से पड़ोस के एक व्यक्ति अपनी पत्नी एवं चाचा व अन्य परिजन के साथ मिलकर धमकी दिया जाता है, जिससे हम अपनी निजी भूमि पर हमेशा की तरह इस वर्ष काश्तकारी नहीं कर पा रहे हैं।

### अनुदान पर योजनाओं का क्रियान्वयन

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए वन अधिकार पट्टाधारी जनजातीय परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को 90 प्रतिशत अनुदान एवं केवल 10 प्रतिशत अंशदान पर पशुधन आधारित स्वरोजगार योजनाएं प्रदान की जा रही हैं।

# दल से अलग हुए दंतैल ने जमकर मचाया उत्पात, तोड़े चार घर

**अम्बिकापुर।** सेलेम देवरा में बीती रात दल से हुए एक हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। साथ ही चार ग्रामीणों के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर हाथी के गांव में डटे रहने से ग्रामीण पूरी रात रतजगा कर गुजारी। हालांकि वन विभाग की टीम हाथी पर नजर जमाए हुए है।

बताया जा रहा है कि बतौली क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से 6 सदस्यीय हाथियों को दल सेलेम डेवरा जंगल में डेरा जमाए थे। इसी बीच बुधवार को 5 हाथी जशपुर की ओर चले गए जबकि दल से अलग हुआ एक हाथ सेलेम डेलवा जंगल में डटा रहा। बीती रात दल से अलग हुए हाथी ने चेउरपानी टीरम गांव में पहुंच गया और गांव के ही घुर साय आ. अमर साय, बहादूर आ. जगमोहन, देवालीस कुजूर आ. रति राम के घर के अहाता तो क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज कर को चट कर दिया। इधर ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में हाथी आते रहते है। कुछ



दिन पूर्व 6 हाथी आ पहुंचा था जिसमें एक हाथी अब भी मौजूद है। दिन के समय तो हाथी नजर आ जाता है कि लेकिन रात में कुछ नजर नहीं आता जिससे गंभीर भी लोगों का आमना सामना हाथी से हो सकता है। रात के समय हाथी की निगरानी कर सके इसके लिए वन विभाग से ट्रार्च की मांग की गई लेकिन वन विभाग द्वारा ट्रार्च उपलब्ध नहीं कराई गई जिससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। इस संबंध में बीट गार्ड तालेश्वर राम भगत ने बताया कि हाथी पर लगातार निगरानी की जा रही है साथ ही ग्रामीणों को हाथी से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है।


## प्रशासनिक अधिकारियों को विभाग ने पत्र लिखकर दी सूचना, बढ़ेगा घुनघुट्टा नदी का जल स्तर

# श्याम घुनघुट्टा सिंचाई बांध हुआ लबालब, कभी भी खोलना पड़ सकता है गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाल-हाल तक भीषण जल संकट से जूझ रहा श्याम घुनघुट्टा सिंचाई बांध एक पखवाड़े की बारिश से ही लबालब हो गया है। अब मैनपाट में मूसलाधार बारिश होने पर कभी भी बांध के गेटों को खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने सरगुजा एवं सूरजपुर के प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना देकर प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्कता बरने का आह्वान किया है।

ग्रीष्मकाल में सिंचाई के लिए नहरों से पानी उपलब्ध कराने के कारण जून में श्यान घुनघुट्टा बांध का जल स्तर कम हो गया था। अमृत योजन के तहत हर दिन 26000 घन मीटर पानी पेयजल के लिए उपलब्धकराने के कारण विभाग ने 14 जून को बांध में शेष बचे 27 फीसदी पानी को पेयजल के लिए आरक्षित करने का निर्णय लिया था। इधर बारिश नहीं होने के कारण किसानों की लगातार मांग के बावजूद विभाग ने सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया था। तब मानसून की गतिविधियां पूरी तरह शांत होने के कारण स्थिति भयावह लग रही थी सभी को भविष्य में संभावित पेयजल की



चिंता सता रही थी। मानसून की दस्तक के बाद लगातार वर्षा होने के कारण बांध लबालब हो गया है। बांध का जल स्तर बढ़ने के बाद विभाग पिछले एक सप्ताह से नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध करा है। हालांकि पर्याप्त वर्षा होने के कारण खेतों में भी पानी भर गया है तथा धान की रोपाई के लिए ही पानी की जरूरत पड़ रही है। मैनपाट में रूक-रूककर लगातार बारिश होने के कारण बांध में 81 फीसदी पानी भर गया है। श्याम घुनघुट्टा बांध की जल भराव क्षमता 82 मिलियन क्यूबिक मीटर है लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर विभाग 90 फीसदी जल भराव होते ही आवश्यकता के अनुरूप गेटों को खोलकर घुनघुट्टा नदी में पानी छोड़ता है। ऐसे में मैनपाट में थोड़ी देर भी मूसलाधार वर्षा हुई तो बांध में 90 फीसदी पानी भर जाएगा तथा बांध के पानी भराव क्षमता को नियंत्रित रखने कभी भी गेट खोलने की जरूरत पड़ सकती है। बांध के गेट खोलने की स्थिति में घुनघुट्टा नदी का जल स्तर अचानक बढ़ जाता है। नदी का बहाव तेज हो जाता है तथा कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है। ऐसे में विभाग ने सरगुजा एवं सूरजपुर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, थाना प्रभारियों, एसईसीएल विश्रामपुर एवं अमेरा कोयला खदान के अधिकारियों को सूचना देकर सतर्कता बरतने तथा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को इस दौरान नदी से दूर रहने की सलाह दी है।

इस संबंध में कार्यपालन अधिकारी एपी निरंजन ने बताया कि बांध में कभी भी क्षमता का 90 फीसदी पानी भर सकता है तथा गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। गेट खोलने पर घुनघुट्टा नदी का जल स्तर अचानक बढ़ने की संभावना है।

### गुप्त नवरात्रि अष्टमी पर देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना

**मनेन्द्रगढ़।** गुरूवार को गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ सहित जिले के सभी देवी मंदिरों व लाई स्थित मॉ दुर्गा मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही मंदिरों में विशेष मंगला आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ, कन्या पूजन एवं हवन-पूजन जैसे विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से देवी के दर्शन कर दिव्य ऊर्जा का अनुभव किया। विशेष रूप से मॉ काली मंदिर, शीतला माता मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में जयकारों मॉ काली की जय, शीतला माता की जय से मंदिर परिसर गूंजते रहे। उल्लेखनीय है कि गुप्त नवरात्रि विशेषकर साधना, तंत्र व आंतरिक ऊर्जा जागरण के लिए अत्यंत पावन मानी जाती है। अष्टमी तिथि देवी उपासना का चरम बिंदु होती है।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों के यूनिफॉर्म बिल के लिए कोल इंडिया ने लागू की डिजिटल प्रक्रिया

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों के लिए यूनिफॉर्म बिल जमा करने की परंपरागत और जटिल प्रक्रिया को अब आसान बना दिया है।कंपनी ने 30 जून को एक नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर एसओपी जारी किया है, जिसके तहत अब पूरे सिस्टम को डिजिटल और पेपरलेस बना दिया गया है।यह बदलाव न सिर्फ कर्मचारियों के लिए राहत देने वाला है,बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और गति को भी नई ऊंचाई देगा। ज्ञात हो कि पहले कोल कर्मचारियों को यूनिफॉर्म खरीदने के बाद अपने बिलों को भौतिक रूप में तैयार कर विभागीय कार्यालयों में जमा करना होता था। इसमें फॉरवर्डिंग लेटर, टैक्स इनवॉयस, और अन्य दस्तावेजों की कई प्रतियां लगानी पड़ती थीं, इसके लिए बार-बार फॉलोअप करना पड़ता था और छोटी-छोटी गलतियों पर भुगतान अटक जाता था, कोल इंडिया मुख्यालय द्वारा जारी नए एसओपी के अनुसार अब यूनिफॉर्म बिल से संबंधित पूरा सिस्टम ऑनलाइन बीटीएस एसएपी पोर्टल के जरिए संचालित होगा।कोल इंडिया मुख्यालय के वित्त विभाग के प्रमुख ने 30 जून को इस एसओपी को जारी करते हुए सभी कोल कर्मचारियों से आह्वान किया है कि वे डिजिटल प्रक्रिया को अपना निर्धारित प्रारूप में समय से दस्तावेज जमा करें ताकि किसी भी प्रकार की देरी या अस्वीकृति से बचा जा सके।

### सेवानिवृत्ति पश्चात महिला सुपरवाइजर को दी गई विदाई



**सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर अंतर्गत सेक्टर भुषु में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग की महिला सुपरवाइजर श्रीमती राझो टोप्पो को सेवानिवृत पश्चात विदाई दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में बीएमओ डॉ. शिवनारायण पैंकरा ने शाल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर बीएमओ ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति से पहले राझो टोप्पो ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है। इनके द्वारा जिस लगन एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन दिया गया है वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान सेवानिवृत होने वाली महिला सुपरवाइजर को लेखापाल देवीदयाल सिंह चौधरी के प्रयासों से सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन अदायगी आदेश एवं सम्मान पत्र बीएमओ के द्वारा प्रदान किया गया। विदाई कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुलाब राय कुर्रे, डॉ. मार्टिन निकुंज, डॉ. संयोगिता पैंकरा, डॉ. नीरज कुशवाहा, बीपीएम दिलीप कुमार चंद्रा, सुरेश कुमार यादव, चेतन कुमार राठिया, देवदत्तराम, बलभद्र सिंह ठाकुर, भीमाराम, मनहर साय धनकी, हरि प्रसाद यादव, विजय कुमार पैंकरा, सुनील कुमार बड़ा, दिनेश कुमार प्रधान, श्रीमती सविता कुर्रे, श्रीमती श्यामा रानी खलखो, श्रीमती दमयंती साहू, श्रीमती दुर्गा कुजूर, श्रीमती रश्मि विश्वकर्मा, आकाश कुमार कुजूर, सुशील कुमार कुजूर, मुकेश कुमार किंडो, विनोद कुमार टोप्पो, राजनाथ समेत काफी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गई युवक की जान

**बतौली/सेदम।** मवेशियों के लिए घायल लेने गए युवक की आकाशीय बिजली गिरने तथा चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मंगारी अंतर्गत ग्राम कोलतापारा निवासी दीपक प्रधान आ. परशु प्रधान (18 वर्ष) आज दोपहर मवेशियों के चारा के लिए घास लेने खेत की ओर गया था। युवक घास काटने लगा तभी अचानक तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। युवक बारिश से बचने के लिए पास ही बरगद पेड़ के नीचे खड़ा था। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से युवक चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को स्थानीय अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

डामरीकरण के बाद उखड़ रहा डामर

# हवाई पट्टी के डामरीकरण एवं बाउंड्री वॉल निर्माण में लापरवाही बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**
- करोड़ों की लागत से ग्राम आरागाही तामेश्वरनगर में हवाई पट्टी को हो रहा मरम्मत

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले को हवाई सुविधा से जोड़ने ग्राम आरागाही तामेश्वरनगर में हवाई पट्टी सहित बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि हवाई पट्टी व बाउंड्रीवाल निर्माण गुणवत्ता को दरकिनार कर किया जा रहा है। आलम यह है कि डामरीकरण के कुछ दिन बाद ही डामर उखड़ना शुरू हो गया। इसके बाद पुनः डामरीकरण का कार्य शुरू किया गया लेकिन लेवल का ध्यान नहीं देने से ठेकेदार ऊंचा नीचा ही डामरीकरण कर दिया। ऐसे में विमान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।



हवाई पट्टी का उमड़-खाबड़ डामरीकरण।

लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से ग्राम अरागाही तामेश्वरनगर स्थित हवाई पट्टी का मरम्मत करते हुए डामरीकरण एवं बाउंड्री वॉल का कार्य कराया जा रहा है। डामरीकरण के कार्य में लापरवाही बरतते हुए ठेकेदार द्वारा डामरीकरण के समय लेवल का ध्यान नहीं रखा गया और ऊंचा नीचा डामरीकरण कर दिया गया है जो दुर्घटना को आमंत्रित करेगा। वीआईपी मूवमेंट के हिसाब से संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य में विभाग की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। गौरतलब है कि करीब डेढ़ दशक पहले छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा बलरामपुर रामानुजगंज जिले को हवाई सुविधा से जोड़ने के लिए हवाई पट्टी का निर्माण करीब 12 करोड रुपए लागत से ग्राम तामेश्वरनगर में कराया था। हवाई पट्टी में हुए कार्य के गुणवत्ता को लेकर कई बार जनप्रतिनिधि एवं लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों ने नाराजगी जताई थी। जिसके बाद भी कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ था। जिस कारण डामरीकरण होने के कुछ दिन बाद ही डामर उखाड़ना शुरू हो गया। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा दोबारा करीब 3 करोड़ रुपए लागत से डामरीकरण एवं बाउंड्री वॉल का कार्य कराया जा रहा है। हवाई पट्टी के लिए जिस प्रकार से गुणवत्ता एवं डामरीकरण में लेवल का ध्यान रखकर डामरीकरण करना चाहिए था उसे नजर अंदाज करते हुए डामरीकरण गुणवत्ता विहीन और ऊंचा नीचा कर दिया गया है जो विमान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

**पहले भी यहां बह चुकी है पुलिया**

मुख्य मार्ग से ग्राम आरागाही तामेश्वरनगर स्थित हवाई पट्टी को जोड़ने वाले पुलिया का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। हैरानी की बात तो यह है कि लोगों के आवागमन के लिए पुलिया का निर्माण कराया गया लेकिन निर्माण गुणवत्ताहीन होने से पुलिया बनने के पहले ही साल में बह गया था। जिसके बाद दोबारा यहां नए पुल का निर्माण कराया गया है।

**मरम्मत कराया जाएगा**

हवाई पट्टी का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। डामरीकरण में जहां-जहां ऊंचा और नीचा डामरीकरण हुआ है उसे ठीक कर दिया जाएगा।

-अजय कुर्रे
एसडीओ लोक निर्माण विभाग



# ग्राम झूमरपारा की मुख्य सड़क कोयला परिवहन से हुई बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मरम्मत कराने की मांग की

क्षेत्र के ग्राम झूमरपारा की मुख्य सड़क बारिश में कोयला परिवहन की वजह से काफी दयनीय हो गई है। सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर सुरजपुर को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है।

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम झूमरपारा की लगभग तीन किलोमीटर लंबा यह मार्ग जो मंदिर चौक से करंजी रेलवे साइडिंग तक जाता है, वर्षों से बदहाल है और अब इतनी खराब हालत में पहुंच चुका है कि बारिश में पैदल चलना भी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है।ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले नौ वर्षों में आठ बार इस सड़क की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल कोरा आश्वासन ही मिला है। यह सड़क सिर्फ झूमरपारा की नहीं बल्कि आस-पास के 40 से 50 गांवों की जीवनरेखा है, क्योंकि यहीं से लोग करंजी रेलवे स्टेशन तक पहुंचते हैं। इस एकमात्र मार्ग पर पिछले आठ वर्षों से कोल कंपनियों के भारी ट्राला वाहन बेरोक-टोक गुजरते हैं। इनकी लोड क्षमता इतनी अधिक होती है कि सड़क की हालत अब गड्ढों और कीचड़ का मैदान बन चुकी है। हालात यह हैं कि बरसात में बाइक तो दूर, पैदल चलना भी एक जोखिम भरा कार्य हो गया है। थक-हारकर ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर सात बार कोल परिवहन का आंशिक चक्काजाम भी किया, जिसके बाद प्रशासन और कोल कंपनियों ने हर बार मरम्मत का वादा किया, लेकिन काम आज तक नहीं हुआ। ज्ञात हो कि 25 दिसंबर 2024 को हुए एक समझौते में तत्कालीन सुरजपुर तहसीलदार समीर शर्मा, कोल कंपनियों और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच यह तय हुआ था कि सड़क की टायरिंग बरसात से पहले पूरी कर दी जाएगी, लेकिन वह भी झूठा वादा निकला।

ग्रामीणों का आरोप है कि कोल कंपनियां स्थानीय युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को ला रही हैं, जो न केवल गांव के माहौल को खराब कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों से मारपीट और धमकी देने जैसे मामले भी सामने आए हैं। गांव के स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र के सामने ट्राला वाहनों की अनधिकृत पार्किंग हो रही है, जिससे पूरा परिसर कीचड़ से भर जाता है।हरिजन मोहल्ला स्थित हैंडपंपों तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है।गंदगी और कीचड़ के कारण महिलाओं को पानी भरने के लिए जान जोखिम में डालनी पड़ती है। ज्ञापन में मांग किया गया कि बारिश समाप्त होने तक कोल परिवहन पर पूर्ण रोक लगाई जाए।मंदिर चौक से करंजी रेलवे साइडिंग तक की 3 किलोमीटर सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। हरिजन मोहल्ला, प्राथमिक शाला और मंगल भवन के पास सीसी सड़क का निर्माण किया जाए।

# अंबिकापुर से रायपुर के लिए इंटरसिटी ट्रेन चलाना संभव नहीं, रेलवे ने रुट व्यस्त होने का दिया हवाला

**बिश्रामपुर।** अम्बिकापुर से रायपुर के बीच इंटरसिटी ट्रेन संचालन की लंबे समय से उठती मांग पर आखिरकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ने अपना आधिकारिक जवाब दे दिया है। यह जवाब सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा को उनके 11 अप्रैल के ज्ञापन के जवाब में भेजा गया है, जिसमें उन्होंने अम्बिकापुर-बिलासपुर-रायपुर के बीच सीधे ट्रेन संचालन की मांग की थी।

रेलवे द्वारा 23 जून को जारी पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वर्तमान स्थितियों को देखते हुए नई इंटरसिटी ट्रेन चलाना संभव नहीं है।रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अम्बिकापुर-बिलासपुर और रायपुर के बीच तीन मार्गों पर पहले से ही 99 ट्रेनें परिचालित होने की बात कही गई है।पत्र में उल्लेखित है कि बिलासपुर-अनूपपुर-बिलासपुर / उसलापुर के बीच 58 ट्रेनें, रायपुर-अनूपपुर-रायपुर के बीच 30 ट्रेनें,अनूपपुर-अम्बिकापुर-अनूपपुर के बीच 11 ट्रेन के अलावा गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर व अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस रायपुर व अम्बिकापुर के बीच सीधी सेवा भी प्रदान कर रही है। रेलवे प्रशासन ने सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा के इस मांग को अस्वीकार करते हुए तीन प्रमुख कारण बताए हैं कि बिलासपुर से रायपुर के कुछ रेल खंडों पर पहले ही ट्रेनों की आवाजाही अत्यधिक है, जिससे नए ट्रेन संचालन की गुंजाइश सीमित है। अम्बिकापुर और रायपुर स्टेशनों पर अभी प्राथमिक मेंटेनेंस यार्ड की समुचित सुविधा नहीं है, जिससे इंटरसिटी ट्रेनों की नियमित देखरेख चुनौतीपूर्ण होगी। ट्रेनों को खड़ा करने के लिए स्टेबलिंग लाइन की भी आवश्यकता होती है, जो अभी इन स्टेशनों पर पर्याप्त नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा ने पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रेलवे ने एक बार फिर जनता की आवाज को टालने की कोशिश की है। लेकिन हम यह मांग तब तक उठाते रहेंगे जब तक अम्बिकापुर और रायपुर के बीच आम नागरिकों को सीधी और तेज सेवा नहीं मिलती। यह क्षेत्र विकास से नहीं, कनेक्टिविटी से वंचित है। ज्ञात हो कि अम्बिकापुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया जैसे दूरस्थ जिलों के लोग वर्षों से रायपुर के लिए सीधी और सुबह-शाम चलने वाली इंटरसिटी ट्रेन की मांग करते आ रहे हैं।

### शादी का प्रलोभन देकर नर्स के साथ किया दुष्कर्म, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** जयनगर पुलिस ने महिला स्टॉफ नर्स की शिकायत पर बिशुनपुर निवासी युवक जॉनसन तिग्गा के खिलाफ बीएनएस की धारा 64(1),351(3)के तहत अपराध दर्ज किया है।पुलिस में दर्ज शिकायत में महिला स्टॉफ नर्स ने बताया कि युवक जॉनसन से उसका एक वर्ष पूर्व परिचय हुआ था और तब से वह शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था और अब विवाह करने से इंकार कर रहा है एवं किसी को बताने पर नर्स को धमकाया गया है, प्रार्थीया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# स्टेट बैंक रोड पर विशाल पेड़ हाई वोल्टेज लाइन के ऊपर गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पोल व लाइन क्षति ग्रस्त होने से घंटों बाधित रही विद्युत सप्लाई
- गुरूवार को हुई तेज बारिश व हवाओं का दिखा असर

गुरूवार को बारिश और तेज हवाओं के कारण अंबेडकर चौक के पास एसबीआई बैंक मार्ग पर एक विशाल पेड़ अचानक 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन पर गिर गया। इस घटना से इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई और स्थानीय लोगों को कई घंटों तक अंधेरे व असुविधा का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर करीब बारह बजे तेज हवाओं के साथ अचानक बारिश शुरू हुई और कुछ ही मिनटों में एक पुराना व बड़ा पेड़ अपनी जड़ों से उखड़कर सीधे 11 केवी विद्युत लाइन पर जा गिरा और 4 नंबर विद्युत ट्रांसफार्मर से सेवा बंद हो गई। साथ ही पेड़ जब तारों से टकराया, वहां तेज चिंगारियों और धमाकेदार आवाज के साथ बिजली आपूर्ति रुक गई। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बारा के नेतृत्व में तकनीकी टीम मौके पर पहुंची,यहाँ पर हाई वोल्टेज तार पेड़ की शाखाएं में पूरी तरह उलझी हुई थीं, इसलिए सावधानीपूर्वक पेड़ हटाने और लाइन को ठीक करने में कई घंटों का समय लग गया।तकनीकी कर्मचारियों ने सुरक्षा उपकरणों के साथ पेड़ को काटकर हटाया और लाइन इंसुलेटर, तार और पोल की स्थिति का परीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू किया।बिजली गुल होने से घर, दुकानों और कार्यालयों में कामकाज बंद हो गया। मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट राउटर और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी ठप्प पड़ गए।



### करंट की चपेट मे आने से युवक की मौत

**मदनपुर।** करंट की चपेट में आने से गंभीर हुए युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवक विद्युत पोल से आए तार के टूट जाने पर जोड़ते समय करंट लगने से अचेत हो गया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर निवासी संतोष विश्वास आ. स्व. चितरंजन विश्वास (34 वर्ष) गत दिन विद्युत पोल से घर के लिए आई विद्युत सर्विस तार के टूट जाने पर जोड़ रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से मौके पर ही अचेत हो गया। लगभग दो घंटे तक युवक मौके पर पड़ा रहा जिसके बाद परिजन को घटना की जानकारी लगने पर तत्काल युवक को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। बताया जा रहा है कि मृत युवक परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था।

# सोनी को मिला बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बाहुबली फेम तमन्ना भाटिया के हाथों मिला सम्मान

सामाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई कार्यकर्ता अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया है। मुंबई के आयोजित समारोह में डॉ. सोनी को यह पुरस्कार बाहुबली फेम अभिनेत्री तम्मना भाटिया के हाथों से प्रदान किया गया है।

बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। डॉ सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं। डॉ डी.के. सोनी द्वारा सरकारी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को लेकर अनेकों मामले उठाते रहे हैं। इसी कड़ी में स्टार इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट द्वारा मुंबई में आयोजित के समारोह के दौरान आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। डॉ. सोनी को यह अवार्ड बाहुबली फेम फिल्म अभिनेत्री तम्मना भाटिया के हाथों से प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में देश के अलग अलग प्रदेशों से अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ साथ बिजनेसमैन भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में आयोजन कर्ता कंपनी के डायरेक्टर तथा कई फिल्म और टीवी एक्टर अनूप सोनी, अर्जुन कपूर तथा कई एक्टर और एक्ट्रेस भी उपस्थित थे।




# चंदौरा समेत आस पास के गांवों में यूरिया डीएपी खाद की भारी किल्लत : डॉ. साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन, किया आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का घेराव

खाद संकट को लेकर आज चंदौरा में ब्लांक कांग्रेस कमेटी के अगुवाई में धरना प्रदर्शन किया गया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का घेराव कर किसानों की समस्याओं को उठाया गया। आन्दोलन की अगुवाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुमार सिंह देव और पूर्व कैबिनेट मंत्री छग शासन डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि खाद संकट किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। चंदौरा समेत आस पास के गांवों में यूरिया, डीएपी खाद की भारी किल्लत है। किसान खाद के लिए समिति के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है। खाद वितरण में भारी अनियमितता है और किसान को भटकाया जा रहा है। डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि किसान खेतों में बुआई के लिए तैयार है, लेकिन सरकार उन्हें खाद देने में पूरी तरह असफल है। कुमार सिंह देव ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं है। समिति के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से खाद का अवैध भंडारण और बिक्री हो रही है जबकि जरुरतमंद किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शिव भजन मरावी ने कहा कि यदि शासन प्रशासन खाद की समस्या को तत्काल समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में चरणबद्घ तरीके से आंदोलन किया जाएगा। एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन में विद्यासागर, इम्तियाज जफर, कंचन सोनी, बनवारी लाल गुप्ता, त्रिभुवन सिंह, विजय नारायण कुशवाहा, भानु गुप्ता, हुलेशलर राजवाड़े, रनसाय, उमेश राजवाड़े, सुमंत प्रजापति, कमलेश राजवाडे, चंद्रपाल यादव, बाबुलाल पैकरा, ब्रिजलाल विश्वकर्मा, भैया लाल पैकरा, कृष्णा सिंह, अशोक नापीत, कवल साय यादव, नर्बदा पेंटर, विनय मिश्रा, रामसुरत पैकरा, चंद्रिका कुशवाहा, प्रेम सिंह, अशोक मरकाम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
डॉ. मनीष चौरसिया — M.S. (General Surgery) M.Ch. (Neuro Surgery) — मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरी शंकर सिंह — MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU — मानसिक रोग के लक्षण
डॉ. बी. बी. कुमार — MBBS, MD (Medicine) FIPM, Fellowship in Rheumatology — सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ.आकाश गर्ग — MBBS,DNB (MEDICINE) — पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ.विनय कुमार — MBBS, MD (General Medicine)DM (Nephrology) — किडनी रोग विशेषज्ञ
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर — 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ.आशु जैन — MS, MCH, FHU, Neuro Surgery — छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ.निशांत कुमार साहू
06 जुलाई 2025 माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक

**सूरजपुर।** माँ बागेश्वरी देवी लोक न्यास कुदरगढ़ के नवनियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की प्रथम बैठक रामसेवक पैकरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। माता कुदरगढ़ी देवी परिसर में ट्रस्ट के कार्यकारिणी गठन के बाद प्रथम बैठक रखा गया। सर्व प्रथम माता कुदरगढ़ी के चित्र में दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में माता के मंदिर परिसर तथा मेला परिसर के सुब्यवस्थित विकास पार्किंग, पानी, बिजली,ब्यवस्थित बाजार के साथ रोफवे के निर्माण एवं सुसज्जित ट्रस्ट कार्यालय जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। इस मौके पर लोक न्यास ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सह मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश गोयल, कोषाध्यक्ष बलराम सोनी, सचिव आशीष प्रताप सिंह, सह सचिव प्रवीण कुमार गुर्जर, अजय तिवारी, नरेश कुमार जायसवाल, राजीव प्रताप सिंह, ओंकार पाण्डेय, संजय यादव, मुकेश अग्रवाल, प्रदीप द्विवेदी, शान्तनु गोयल, अभय गुप्ता, मेजर अनिल सिंह, बाबूलाल गोयल, सुरेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### संकुल केन्द्र मंगारी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**अम्बिकापुर।** संकुल केंद्र मंगारी अंतर्गत संचालित माध्यमिक और प्राथमिक शाला बनिया टिकरा, कपाट बहरी, मंगारी,कोरवा पारा और माझा पारा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का आरती के साथ तिलक लगाकर माला,गुलदस्ता देकर एवं लड्डू खिलाकर और स्कैन पाठ्य पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में न्योता भोजन का आयोजन भी किया गया। जिसमें माध्यमिक शाला बनिया टिकरा में श्रीमती सुनीता पैंकरा और श्रीमती बिंदु कुमारी द्वारा मिष्ठान तो एचएम गंगेश्वर राम पैकरा द्वारा फल प्रदान किया गया। इसी तरह माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला कपाट बहरी में प्रधान पाठक श्रीमती राम कुमारी दीवान और सहयोगी कर्मचारियों द्वारा प्राथमिक शाला माझा पारा में प्रधान पाठक श्रीमती मंजुला शांता टोप्पो द्वारा न्योता भोजन कराया गया। बच्चों को नियमित स्कूल आने और पालको द्वारा भेजने हेतु प्रेरित किया गया।

### डॉक्टर दिवस पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का किया गया सम्मान



**सलका अधिना।** ग्राम पंचायत सलका-अधीना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने छत्तीसगढ़ राज्य में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की है। इसी उपलक्ष्य में जन सेवा समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा डॉक्टर दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह एवं टोपान सिंह दायमा की उपस्थिति में सलका-अधीना स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अनिल शर्मा, प्रभारी डॉक्टर रविकरण सिंह, केयु खान, दीपक गुप्ता, अनीता गुप्ता, रागिनी शर्मा, साक्षी केसरी, विमल गुप्ता, कैलाश, आरती राजवाड़े, जुकमेन, राकेश केसरी, अमित देवांगन सहित स्वास्थ्य कर्मियों का जन सेवा समिति की ओर से शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उमेश कुमार अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, तेजपाल सिंह देव, मोक्ष नारायण गुप्ता, अभय प्रताप सिंह, जगरे लाल यादव, आशिष गुप्ता, शिवकुमार अगरिया, अमोद मिंज, आशा सोनपाकर, फिरोज खान, ज्ञान प्रकाश दुबे, डॉ. अनुराग सिंह देव, राजू यादव, थलेश्वर राजवाड़े, प्रियेश गुप्ता, मोनू गुप्ता, अतुल कुमार गुप्ता, सोनू चौधरी, पितांबर सिंह, भृगु राजवाड़े, मुनेश्वर राजवाड़े, सहित ग्रामीण शामिल थे।

### सरकार ने डीएपी की कमी पूरा करने वैकल्पिक व्यवस्था की

**रायगढ़।** देश में डीएपी खाद के आयात में कमी के चलते चालू खरीफ सीजन में राज्य में डीएपी की आपूर्ति प्रभावित होने का वैकल्पिक मार्ग छत्तीसगढ़ सरकार ने निकाल लिया है। किसानों को डीएपी खाद की किल्लत के चलते परेशान होने की जरूरत नहीं है। डीएपी के बदले किसानों को भरपूर मात्रा में इसके विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी खाद की उपलब्धता सोसायटियों के माध्यम सुनिश्चित की जा रही है। डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एनपीके (20:20:013) और एनपीके (12:32:13) के वितरण लक्ष्य में 3.10 लाख मेट्रिक टन तथा एसएसपी के वितरण लक्ष्य में 1.80 लाख मेट्रिक टन की वृद्धि करने के साथ ही इसके भण्डारण एवं वितरण की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। एनपीके और एसएसपी के लक्ष्य में वृद्धि होने के कारण चालू खरीफ सीजन में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण लक्ष्य 14.62 लाख मेट्रिक टन से 17.18 लाख मेट्रिक टन हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

## पठारी क्षेत्र के हजारों किसान इन्हीं फसलों से चलाते हैं जीविका

# लगातार बारिश से पिछड़ रही मक्का दलहन-तिलहन फसलों की बुवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा संभाग में हो रही बारिश से किसानों के लिए बड़ संकट खड़ा हो गया है। अभी तक मक्का, दलहन, तिलहन एवं मोटे अनाजों की बुनाई नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। इन फसलों की बुनाई नहीं होने के कारण खेती पिछड़ रही है।

**खास बात**
- जल्द बारिश नहीं रूकी तो प्रभावित होगी खरीफ खेती

सरगुजा सहित पूरे संभाग में मक्का, मिलेट्स, दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती बड़े पैमाने पर होती है। सरगुजा में पाट क्षेत्रों के किसानों की आजीविका पूरी तरह खरीफ सीजन में इन्हीं फसलों पर निर्भर है। पाट क्षेत्रों के अतिरिक्त जिले भ्ज़र के किसान ऊंचे खेतों में इन फसलों की खेती करते हैं। इस बार मई महीने में हुई 100 मिमी वर्षा के बाद किसानों ने खेती की तैयारियां प्रारंभ कर दी थी। तब मक्का सहित दलहन एवं तिलहन फसलों की बुनाई के लिए मौसम अनुकूल था। खेतों में पर्याप्त नमी होने के साथ ही धरती का तापमान भी अनुकूल था लेकिन छत्तीसगढ़ में दस्तक देने के बाद मानसून की गतिविधियां शांत होने के कारण किसान भ्रम में पड़ गए तथा बारिश में विलम्ब होने के डर से फसलों की बुनाई नहीं कर सके। मानसून के सक्रिय होने के बाद लगातार बारिश होने के कारण बाद में किसान मक्का, दलहन एवं तिलहन फसलों की बुनाई कर सके। लगातार बारिश होने के कारण अब धरती का तापमान कम हो गया है जिससे बारिश के बीच बुनाई करने से बीजों के सड़ने का भय सता रहा है। अभी भी लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में किसानों को खेती पिछड़ने का भय सता रहा है। क्षेत्र के किसान जून के अंत तक मक्का सिहत अन्य मोटे अनाजों, अरहर, मूंग, उड़द, कुलथी, मूंगफली, तिल, रामतिल आदि की बुनाई कर देते हैं लेकिन इस बार लगातार बारिश होने के कारण अभी तक खेत पड़ती पड़े हैं। ऐसे खेतों धान सहित अन्य खरीफ फसलों की खेती नहीं होती इसलिए किसानों को इस बड़ी समस्या का कोई हल नहीं सूच रहा है। वर्तमान परिस्थिति में इन फसलों की बुनाई करने पर फसल के खराब होने का भी भय बना रहता है। हालांकि अभी भी बारिश बंद होने पर इन फसलों की बुनाई करने की बात कह रहे हैं लेकिन फसल के प्रभावित होने की भी संभावना से चिंतित भी हैं।



मैनपाट में मक्के की बुनाई के लिए खेतों की जोताई करते किसान।

### इन क्षेत्रों में अधिक खेती

सरगुजा संभाग के पाट क्षेत्रों में मक्का, मोटे अनाज एवं दलहन-तिलहन फसलों की खेती अधिक होती है। पठारी क्षेत्र मैनपाट, सामरी पाट, लहसून पाट, सन्ना पाट, पण्ड्रा पाट में बड़ी संख्या में किसान इन फसलों की खेती करते हैं तथा आजीविका के लिए पूरी तरह से इन्हीं फसलों पर निर्भर हैं। लगातार बारिश होने पर अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, अलसी, सरसो, तिल, मक्का आदि की फसल गलकर खत्म हो जाती है। लगातार वर्षा ने किसानों के लिए संकट उत्पन्न कर दिया है। कृषि अधिकारी निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 7.37 फीसदी क्षेत्र में मोटे अनाज, 3.10 फीसदी अरहर, 4.29 फीसदी मूंग, 0.46 फीसदी उड़द, 4.68 फीसदी मूंगफली, 2.27 फीसदी तिल की बोनी पूरी होने का दावा कर रहे हैं।

### धान की रोपाई भी प्रभावित

धान की खेती के लिए मौसम अनुकूल है। लगातार बारिश होने से खेत पानी से लबालब हो गए हैं। धान की रोपाई के लिए पर्याप्त समय भी है। पूर्व में लगाई गई धान की नर्सरी तैयार हो गई है लेकिन लगातार बारिश होने के कारण किसान धान की भी रोपाइ नहीं करा पा रहे हैं। कुछ किसान अपने परिवार के सदस्यों की मदद से रोपाई कर रहे हैं। बड़ी संख्या में किसान अभी तक धान बीड़ा तक नहीं लगा पाए हैं। वर्तमान में बीड़ा लगाने पर धान की रोपाई में विलम्ब होने की संभावना को देखते हुए कृषि वैज्ञानिक किसानों को सीधे चोपी विधि से धान की बुनाई करने की सलाह दे रहे हैं।

### गल रहे सब्जियों के पौधे

लगातार बारिश से खरीफ सब्जियों की फसल गलने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरगुजा में बड़े पैमाने पर खरीफ सब्जियों की खेती होती है। किसानों ने समय पर लौकी, डोड़का, टमाटर, खीरा, बैगन, मिर्च आदि की फसल लगा भी दी थी लेकिन लगातार बारिश होने के कारण सब्जियों की फसल गल गई है। किसान बारिश बंद होने पर दूसरी बार फसल लगाने की तैयारियां कर रहे हैं।

### नहीं है अनुकूल मौसम

बारिश होने के कारण अभी मक्का एवं दलहन-तिलहन फसलों की बोनी के अनुकूल मौसम नहीं है। किसान अब धान का बीड़ा लगाने के बजाय निंदानाशक दवा का छिड़काव कर सीधे चोपी विधि से धान की बुनाई करें।

-डॉ. प्रताप राठिया
डीन, कृषि महाविद्यालय

## सीआरपीएफ के एसआई को डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाकर 22 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिस विभाग और शासन द्वारा लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बाद भी लोग ठगों के झांसे में आने से बच नहीं पा रहे है। ताजा मामला सरगुजा में सामने आया है जहां एक सीआरपीएफ के एसआई को 17 दिनों तक हाउस अरेस्ट में रखकर उससे 22 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया। ठगों ने उप निरीक्षक के खाते में दो करोड़ का गैर कानूनी ट्रांजैक्शन होने का हवाला देकर ठगी की गई। जवान ने अपनी पत्नी के गहरे गिरवी रखकर और बेटे की एफडी तोडकर यह रकम चुकाई। जब जवान को ठगी का एहसास हुआ तो उसने मामले की शिकायत पुलिस से की है। शिकायत के बाद गांधीनगर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज किया गया है।

- पुलिस ने दर्ज किया अपराध

बताया जा रहा है कि 55 वर्षीय आर महेन्द्रन आ. के रामा स्वामी सीआरपीएफ अंबिकापुर में उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। 5 जून को जब उप निरीक्षक अपने कैम्प में था तो उसके पास एक नम्बर से फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने टेलीकॉम डिपार्टमेंट गवर्नमेंट ऑफ दिल्ली से होने की बात कही और उसके आधार कार्ड से सिम कार्ड खरीदे जाने और उक्त सिम व मोबाइल नम्बर से गैर कानूनी काम होने का हवाला देकर दो घंटे में सिम कार्ड बंद होने की बात कही गई। इसके साथ ही बताया गया की उक्त मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस से की जा रही है। उसी दिन एक अन्य मोबाइल नम्बर से फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस का व्यक्ति बताते हुए उसका व्हाट्सएप नंबर मांगा और व्हाट्सएप नम्बर पर विडियो कॉल किया। वीडियो कॉल के दौरान पुलिस की वर्दी और आईडी कार्ड को दिखाते हुए उसने अपना नाम निरीक्षक गोपेश कुमार बताया और कहा गया कि उसके आधार नम्बर से दिल्ली नेहरू प्लेस के बैंक ऑफ बड़ौदा में आर महेन्द्रन के नाम पर खाता खोलकर 2 करोड़ का लेनदेन किया गया है। इस केस में पकड़े गये अपराधी द्वारा उप निरीक्षक का नाम लेने और 10 प्रतिशत कमीशन दिए जाने की बात कहकर डराया गया फंड वेरिफिकेशन का हवाला देकर रिजव बैंक ऑफ इंडिया का एक लेटर भेजा गया और आरबीआई से अलग अलग खातों में पैसे मागने गये ताकि वेरिफिकेशन हो सके। बताया गया कि 48 से 72 घंटे में पैसे वापस आ जाएंगे। इसी वीडियो कॉल में सीबीआई के डीसीपी के नाम पर राजीव कुमार ने बात कर 6 जून को 49, 999 रुपए भेजने को बोला गया। जवान ने अपने सैलरी अकाउंट से उसे पैसे दे दिए। इसके बाद उस अलग अलग खाता नम्बर पर 17812, 9999, 20000, 49999, 5000, 98000 जमा कराया गया।

### मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनाकर ली राशि

बताया जा रहा है कि 8 जून को पुनः विडियो कॉल पर बताया गया कि वेरिफिकेशन में 17 हजार रुपए अपराधी के खाते से मेल किया है। ऐसे में मनी लॉन्ड्रिंग का केस बन रहा है और शाम तक अरेस्ट किया जाएगा। जवान को बचाने की कोशिश करने का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट से भी बात करने की बात कही गई और पुनः फोन पर 10 लाख रुपए का इंतजाम करने की बात कही गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों को जान का खतरा होने की धमकी दी गई। 9 जून को वीडियो कॉल में पूछताछ की गई और पैसे नहीं मिलने पर बेल नहीं होने और कोर्ट अरेस्ट करने की धमकी दी गई जिससे डरकर जवान ने अपनी पत्नी के नाम से गोल्ड लोन लेकर भेजा गया। इसके बाद उसे बेल मिलने की जानकारी दी गई।

### तोड़ा बेटे की एफडी

11 जून को पुनः गोपेश कुमार ने फोन कर उसके परिवार के सभी एफडी, इंश्योरेंस के जांच की बात कही गई और उसके बेटे की एफडी से 80 प्रतिशत वेरिफिकेशन के नाम पर 7 लाख रुपए की मांग की गई जिसपर जवान ने अपने बेटे की एफडी को तोडकर पैसों का भुगतान किया गया। इसके साथ ही अलग अलग तरीके से डरा धमका कर ठगी की गई। इस तरह आरोपियों ने सीआरपीएफ के जवान को डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाकर 22 लाख रुपए की ठगी की गई। 5 जून से 24 जून तक की गई इस ठगी के मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) व एलसीजी 66डी के तहत कार्रवाई की गई है।

### खाद की कालाबाजारी के विरुद्ध राज्य स्तरीय जांच दल ने कृषि सेवा केंद्र में मारा छापा

**सीतापुर।** खाद की कालाबाजारी की शिकायत पर राज्य स्तरीय जांच दल समेत राजस्व एवं कृषि विभाग ने संयुक्त रूप से दो दुकानों में छापेमारी की। छापेमारी के बाद दोनों दुकानों में जांच के दौरान बहुत सारी गड़बड़ियां सामने आई जिसके बाद छापामार अभियान दल के अधिकारियों ने विभिन्न धाराओं के तहत गोदामों को सील कर जब्ती की कार्रवाई की है। इस दौरान गोदामों में पाए गए खाद की जांच हेतु नमूना लिया गया है ताकि लैब में इसकी उर्वरकता की जांच कराई जा सके। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम गुतुरमा एवं सरईपारा स्थित गोपाल कृषि सेवा केंद्र एवं भगवती ट्रेडर्स सीतापुर में राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम के साथ राज्य स्तरीय जांच दल की टीम ने डॉ. सुमित सोरी के नेतृत्व में संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जांच में अधिकारियों को कृषि सेवा केंद्र समेत दोनों दुकानों में काफी गड़बड़ियां नजर आई। जांच के दौरान गोपाल कृषि सेवा केंद्र के संचालक एक लाइसेंस की आड़ में दो दुकानो का संचालन करते पाए गए। इसके अलावा दोनों दुकानों में बगैर लाइसेंस एवं अधिकार पत्र के यूरिया, पोटास, एनपीके आदि खाद का भंडारण एवं वितरण किया जा रहा था। इनके द्वारा किराए के मकान में भारी मात्रा में भंडारण किया हुआ खाद की बोरियां पाई गई। जिसे जब्त करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन मानते हुए गोदामों को सील कर दिया गया। सीलबंद के दौरान गोदामों में मौजूद खाद का लैब टेस्ट हेतु नमूना लिया गया है ताकि लैब में टेस्ट के जरिए उसकी उर्वरता का पता लगाया जा सके। इस छापेमारी टीम में सहायक संचालक कृषि सुमित सोरी एसडीओ कृषि अनिता एक्का जिला नोडल एवं सहायक संचालक अभिषेक झा जिला निरीक्षक जहांगीर आलम हिमांशु कुमार समेत राजस्व एवं पुलिस अमला मौजूद था। इस संबंध में फर्टिलाइजर निरीक्षक संतोष बेक ने बताया कि एक लाइसेंस से ग्राम गुतुरमा एवं सरईपारा में दो दुकानों का संचालन करने वाले गोपाल कृषि सेवा केंद्र के संचालक को नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में संचालक को नोटिस जारी करते हुए एक दुकान बंद करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा दो दिन के अंदर कृषि सेवा केंद्र से संबंधित सारे दस्तावेज पेश करने कहा गया है। इसके बाद जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## भटगांव विधायक व केबिनेट मंत्री ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिश्रामपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री व क्षेत्रीय विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने गुरूवार को हाथी प्रभावित गांवों ग्राम कल्याणपुर के खुटहनपारा, कोटबहरा व अखोराकला के घाघीटिकरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हाथियों द्वारा की गई क्षति का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना।

- पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन ग्रामीणों के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा या वन्यजीवों के कारण होने वाली क्षति को गंभीरता से लिया जाएगा। मंत्री ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया है कि गांवों में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए, लोगों को जागरूक किया जाए और क्षति का यथाशीघ्र सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। गौरतलब है कि बीते पखवाड़े भर से सूरजपुर जिले के कई गांवों में हाथियों के दल ने धान के खेतों, फसलों और कुछ घरों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के हाथी प्रभावित क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने सहायता राशि के अलावा हाईमास्क लाइट, किसानों को टॉर्च भी उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई, जिस पर उपस्थित सुरजपुर डीएफओ ने जल्द ही प्रभावित लोगों के यहां टार्च उपलब्ध कराए जाने की बात कही है। साथ ही हाई मास्क लाइट भी जल्द ही लगवाए जाने के आश्वासन दिए गए हैं। ज्ञात हो कि बीती रात छह सदस्यीय हाथियों द्वारा यहां केवल फसलों का ही नुकसान किया गया है, जबकि सरहद पर सरगुजा जिले के किशुनगर सकालो में दो ग्रामीणों के मकान को क्षतिग्रस्त किया गया है।

छह सदस्यीय हाथियों के रिहायशी व आबादी इलाकों में विचरण किए जाने से लोगों में भय व्याप्त हो गया है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के साथ सुरजपुर डीएफओ पंकज कमल व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### हल्का पटवारी को मंत्री ने स्वयं कॉल कर नुकसान का आकलन करने कहा

हाथी प्रभावित गांव कोटबहरा, खुटहनपारा व घाघीटिकरा में गुरुवार की सुबह कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राजवाड़े पहुंची थीं। यहां पर उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया लेकिन हल्का पटवारी मौके पर नहीं पहुंचे थे जिस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मौके से ही अनुपस्थित हल्का पटवारी को मौके से ही फोन करके तत्काल प्रभावित नुकसान का प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए।



## म्यूल अकाउंट मामले में पुलिस ने 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी में प्रयुक्त म्यूल अकाउंट के खाताधारक आनंद कुर्रे को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक खातों में देश के अलग-अलग राज्यों से ऑनलाइन ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी। खाते में कुल 48 हजार रुपए से ज्यादा की राशि जमा हुई थी।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र 14सी के समन्वय पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस मुख्यालय रायपुर से म्यूल अकाउंट धारकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश मिले थे। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कोतवाली पुलिस टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि कोरिया जिले के सोनहत थाना अंतर्गत ग्राम केशगवा निवासी आनंद कुर्रे आ. राजू कुर्रे (20 वर्ष)के बैंक ऑफ महाराष्ट्र व एक्सीस बैंक के खाते का उपयोग सुनियोजित तरीके से अवैध धन अर्जित करने के लिए किया गया। आरोपी के के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने धारा 317(4), 318(2), 61(2) (ए) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी आनंद कुर्रे को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर बताया कि जिला कोरिया का 1 व्यक्ति अपने साथी के साथ मिलकर इसका तथा अन्य के बैक खातों को एकत्र कर उनके खाता के बदल में 1 से 5 हजार रुपये देकर बैंक खाता, सीम एवं एटीएम लेकर विभिन्न राज्यों में साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के सदस्यों को बेच दिए है। मामले में अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह व उनकी टीम सक्रिय रही।



## हर घर जल योजना अंतर्गत पूर्ण कार्यों को पंचायतों को हैंड ओवर करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग व क्रेडा की मासिक समीक्षा बैठक जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने जल जीवन मिशन अंतर्गत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कैलेण्डर आधारित कार्ययोजना बनाकर प्रगतिरत कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कार्यपालन अभियंता को स्पष्ट किया कि कोई भी कार्य अप्रारंभ की स्थिति मे न हो। उन्होंने ठेकेदारों के कार्य को ट्रैक करने हेतु उपस्थित उप अभियंताओं को निर्देश दिए और कार्य टाइम लाइन में हो इस बात पर विशेष ध्यान दें। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करें और गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने, पानी टंकी निर्माण, गृह संयोजन की स्थिति तथा परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। हर घर जल योजना अंतर्गत जितने ग्राम पंचायतों में जल प्रदाय का कार्य प्रारम्भ हो चुका है उसे पंचायतों को हैंड ओवर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में सिंचाई ढांचे को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के मौजूदा सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जाए। मासिक बैठक मे सभी संबंधित अभियंता व अधिकारी उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, माँ मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411